महोबा पुलिस

दिनांक- 02.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 969/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 02.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



महोबा पुलिस

दिनांक- 02.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 970/26

कानून-व्यवस्था एवं बैंकिंग सुरक्षा के दृष्टिगत महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान...।

- आज दिनांक 02.11.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन में, रविवार की साप्ताहिक अवकाश के उपरांत सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद महोबा में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया।
- अभियान के दौरान महोबा पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया।
- पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।
- इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इसके साथ ही आमजन को साइबर ठगी से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया।
- इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बैंकिंग लेन-देन के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना है। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।







दिनांक- 02.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 971/26

महोबा पुलिस

सर्किल नगर - थाना कोतवाली नगर

थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी/सर्विलांश की संयुक्त टीम ने काली माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का 12 घण्टे के अन्दर किया गया सफल अनावरण, चोरी गए 03 मुकुट व 02 छत्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं के अनावरण तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी/सर्विलांश की संयुक्त टीम द्वारा काली माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को चोरी गए सामान सहित गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 01.11.2026 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रान्तर्गत मोहल्ला काठकुलवापुरा, बंधानवार्ड स्थित छोटी चन्द्रिका मंदिर के बगल में अवस्थित काली माता मंदिर के पुजारी श्री विपिन चौरसिया द्वारा डायल-112 के माध्यम से सूचना दी गई कि दिनांक 01.11.2026 को प्रातः करीब 06:00 बजे मंदिर पहुंचने पर उन्हें जानकारी हुई कि मंदिर में स्थापित काली माता की प्रतिमा पर लगे 03 मुकुट, 02 छत्र अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गए हैं।

अभियोग पंजीकरण-

उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस अधिकारीगण एवं फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। प्रकरण में वादी श्री विपिन चौरसिया द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 520/2026 धारा 305(d) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण हेतु थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी/सर्विलांश की संयुक्त टीम का गठन किया गया तथा गठित टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए घटना के सफल अनावरण, अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी एवं चोरी गई संपत्ति की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया।

पुलिस कार्यवाही-

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा गठित थाना कोतवाली नगर पुलिस एवं जनपदीय एसओजी/सर्विलांश की संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन करते हुए उपलब्ध साक्ष्यों एवं तकनीकी जानकारियों के आधार पर घटना के अनावरण हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 02.11.2026 को संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित वांछित अभियुक्त कालीचरण पुत्र राजू कुशवाहा उम्र करीब 31 वर्ष निवासी मोहल्ला राजीव नगर, थाना कबरई, जनपद महोबा को बंधानवार्ड, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के कब्जे से काली माता मंदिर से चोरी किए गए सफेद धातु के 03 अदद मुकुट एवं 02 अदद छत्र बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त जामा तलाशी से 200 रुपये नकद एवं एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

कालीचरण पुत्र राजू कुशवाहा, उम्र करीब 31 वर्ष, निवासी मोहल्ला राजीव नगर, थाना कबरई, जनपद महोबा।

बरामदगी का विवरण-

1. 03 अदद मुकुट सफेद धातु।
2. 02 अदद छत्र सफेद धातु।
3. 200 रुपये नकद (जामा तलाशी)।
4. एक अदद मोबाइल फोन मोटोरोला (जामा तलाशी)।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 284/2017 धारा 457/380/411 भादवि, थाना कबरई, जनपद महोबा।
2. मु0अ0सं0 188/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस, थाना कबरई, जनपद महोबा।
3. मु0अ0सं0 520/2026 धारा 305(d)/317(2) बीएनएस, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अभिनव सिंह, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा।
2. हे0का0 मनीष कुमार, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा।
3. का0 धर्मेन्द्र यादव, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा।

जनपदीय एसओजी एवं सर्विलांस टीम-

1. कां. दीपक वर्मा 2. कां. रंजीत सिंह 3. कां. निर्भय सिंह 4. कां. आशीष बघेल
2. कां.सत्यम सिंह जादौन 6. कां. कुलदीय यादव 7. कां. अभिषेक दुबे



महोबा पुलिस

दिनांक- 02.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 972/26

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फीता काटकर यातायात माह नवम्बर-2026 का किया गया शुभारंभ, जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना; सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिया गया सड़क सुरक्षा का संदेश।

"सुरक्षित सफर, सुरक्षित जीवन—यातायात नियमों का पालन, सभी का दायित्व।"

आज दिनांक 02.11.2026 को पुलिस लाइन महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा फीता काटकर यातायात माह नवम्बर-2026 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात/नगर श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार एवं प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण, व्यापारी बंधु, एनसीसी कैडेट्स, पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने अपने संबोधन में यातायात नियमों के पालन की अपील की-



कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा उपस्थित अधिकारियों, व्यापारियों, एनसीसी कैडेट्स, पत्रकार बंधुओं एवं आम नागरिकों को संबोधित करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या यातायात विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखने का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा भी अपने संबोधन में यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आमजन से नियमों का पालन करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी कई बार गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनती है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनना चाहिए तथा बच्चों एवं युवाओं को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिया गया यातायात जागरूकता का संदेश-

यातायात माह के शुभारंभ अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कलाकारों एवं प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियों के जरिए आमजन को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। प्रस्तुतियों के माध्यम से हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति से वाहन न चलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दिए गए सड़क सुरक्षा के संदेश को सराहा।

जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना-

यातायात नियमों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर शहर में भ्रमण हेतु रवाना किया गया। रैली में सम्मिलित प्रतिभागियों द्वारा आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।

पूरे माह संचालित किए जाएंगे जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान-

यातायात माह नवम्बर-2026 के अंतर्गत जनपद महोबा में यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रवर्तन कार्यवाहियां भी संचालित की जाएंगी। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों, एनसीसी कैडेट्स, पत्रकार बंधुओं, आम नागरिकों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सहभागिता करते हुए यातायात जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

महोबा पुलिस की अपील: यातायात नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार वाहन संचालन के माध्यम से स्वयं एवं दूसरों का जीवन सुरक्षित रखें।

महोबा पुलिस—सड़क सुरक्षा, जनसुरक्षा एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए प्रतिबद्ध।

महोबा पुलिस

दिनांक- 02.11.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 973/26

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में सघन पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, आमजन एवं व्यापारियों से संवाद कर दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा।

आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने तथा जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में महोबा पुलिस द्वारा निरंतर सतर्कता बरतते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 02.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकांत गोंड के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पैदल गश्त किया गया। इस दौरान प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा आमजन एवं व्यापारियों से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।

पैदल गश्त के दौरान आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बाजारों में भीड़भाड़, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधिकारियों द्वारा त्योहारों के दौरान बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त सतर्कता बरतने, नियमित रूप से पैदल गश्त करने तथा आमजन की सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा आमजन से धनतेरस एवं दीपावली का पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत निरंतर सतर्कता बरती जा रही है।



